अमर उजाला 01/10/24

चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी पर दिया जोर

जीएमएन कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता के दौरान जानकारी देते वक्ता। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में आत्मनिर्भर भारत क्लब के सहयोग से चुनावी साक्षरता क्लब की ओर से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। इस आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य मतदाताओं, विशेषकर युवाओं में आम चुनाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के उद्घाटन भाषण से हुई। जिन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी और सूचित मतदान निर्णयों के महत्व पर जोर दिया।

इसके साथ ही कॉलेज में कंप्यूटर विज्ञान विभाग की कंप्यूटर लैब में कॉलेज के कर्मचारियों और छात्रों के लिए ई-कचरा संग्रह केंद्र स्थापित किया है। पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर काम करने वाले छात्रों और शिक्षकों के समूह के साथ आज कंप्यूटर लैब में ई-कचरे पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। छात्रों के समूह को कॉलेज के अन्य छात्रों में कचरा संग्रहण स्थल पर जमा करने के लिए जागरूकता पैदा करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

वहीं, कॉलेज के अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी, संस्कृत विभाग एवं लैंग्वेज लैब के संयुक्त तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी प्रतिभागियों का प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भाषण वह विधा है, जिससे व्यक्ति अपने भावों एवं विचारों को अभिव्यक्त करता है। इस प्रतियोगिता में डा. ज्योति सौरोत ने मंच संचालन करते हुए विद्यार्थियों को भाषण कला की विभिन्न विशेषताओं से अवगत करवाया। प्रतियोगिता में प्रो. उपिंद्र कौर, प्रो. कमलेश कुमारी और डॉ रितु गुप्ता ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।